<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 22.06.2024

बाराबंकी पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति 72 घण्टे के अंदर बरामद, नाटकीय अंदाज में स्वयं का अपहरण होने की तैयार की थी पटकथा-

अजय कुमार सिंह पुत्र राम सूरत सिंह निवासी उसरहा मजरे रसूलपुर किदवई थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी द्वारा थाना जहांगीराबाद पर दिनांक 18.06.2024 को अपने 33 वर्षीय छोटे भाई राजकुमार सिंह के गुम हो जाने के सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी।

राजकुमार सिंह ने बदमाशों द्वारा अपना अपहरण करने और एक घर में बंधक बना कर रखने की बात मोबाइल फोन पर बताई गई और फिर खुद के जंगल में बंधक होने की बात बताई गई।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर उक्त गुमशुदा की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर श्री जगतराम कन्नौजिया के सफल पर्यवेक्षण में सर्विलांस टीम व थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेजीजेन्स की मदद से यह उक्त गुमशुदा को दिनांक 21.6.2024 को जनपद देवरिया से सकुशल बरामद किया गया। दौरान जाँच यह तथ्य प्रकाश में आया कि लोगों से काफी पैसे उधार हो जाने के कारण राजकुमार द्वारा स्वयं के अपहरण होने का ड्रामा रचा गया है। उसका किसी ने अपहरण नही किया बल्कि वह अपनी इच्छा से गायब हुआ है। राजकुमार सिंह के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। आम जनता द्वारा बाराबंकी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।